एक नजर में

## आजाद कुटिया में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया एवं जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम ने शुक्रवार को चंद्र शेखर आजाद नगर स्थित आजाद कुटिया पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने शहीद क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने आजाद कुटिया परिसर में स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भाबरा संभावित आगमन को दृष्टिगत रखते हुए आजाद कुटिया परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हेलीपैड से आजाद कुटिया तक पहुंच मार्ग को सुव्यवस्थित रखने, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर कानून-व्यवस्था व सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर : संभागायुक्त

**आलीराजपुर।** संभागायुक्त एवं आईजी की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी त्योहारों एवं पर्वों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संभाग के सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में विशेष रूप से आगामी भगोरिया पर्व के आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि हाट-बाजारों में आयोजित होने वाले भगोरिया पर्व स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें। पर्व के दौरान स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) की तैनाती की जाए तथा मिलावटी मादक पदार्थों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन पर्वों में प्रदेश के बाहर से भी पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं, अतः उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। मेलों में लगने वाले झूलों की मेंटेनेंस सर्टिफिकेट की अनिवार्य जांच की जाए तथा प्रत्येक झूले और स्टॉल के बाहर उसकी क्षमता संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए। जिन स्थलों के आसपास मधुमक्खियों के छत्ते हों, उन्हें समय रहते हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए गैर-मार्गों को पूर्व से चिन्हांकित कर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की साम्प्रदायिक हिंसा की पुनरावृत्ति न हो, इस पर विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तपीस पांडे सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोमसिंह सोलंकी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनोनीत, अजमेर भूरिया,

### बहादुर हटीला एवं रामपाल चौहान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त हुए





**झाबुआ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिसमें सर्व-सम्मति से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री के पद पर जिले से भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी को मनोनीत किया है। जिले से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजमेरसिंह भूरिया, जिला पंचायत सदस्य बहादुरसिंह हटीला एवं रामपालसिंह चौहान (सोनू) को मोर्चा का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया है। नवमनोनीत पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने 20 फरवरी, शुक्रवार दोपहर राजगढ़ नाका स्थित भाजपा के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिला भाजपा एवं भाजपा मंडल झाबुआ की ओर से नव-मनोनीत पदाधिकारी एवं सदस्यों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। नव-मनोनीत पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों को जिला भाजपा, विभिन्न मोर्चा जिलाध्यक्षों एवं प्रकोष्ठों के संयोजकों आदि ने बधाई प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध मौत की एसआईटी जांच की मांग, विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र



**झाबुआ।** आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने आलीराजपुर जिले के ग्राम अकलवा निवासी एमबीबीएस छात्रा कु. रोशनी पिता चंदरसिंह कलेश की भोपाल में हुई संदिग्ध मृत्यु के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। जानकारी देते हुए युथ कांग्रेस के जिला प्रवक्ता लोकेंद्र बिलवाल ने बताया कि डॉ. भूरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर बताया है कि छात्रा भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत थी। विगत 10 फरवरी को छात्रावास के बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव मिलने से पूरे आदिवासी समाज एवं परिजनों में गहरा आक्रोश और शंका व्याप्त है। परिजनों ने इसे आत्महत्या न मानते हुए हत्या की आशंका जताई है तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है। डॉ. भूरिया ने कहा कि मामला आदिवासी समाज की होनहार छात्रा से जुड़ा होने के कारण अत्यंत गंभीर है। ऐसे में सत्य सामने लाने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु एसआईटी गठित कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच करवाना आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र एसआईटी गठन के आदेश जारी किए जाएं, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में विश्वास कायम रहे।

# मौसम ने अचानक ली करवट, मध्य रात्रि एवं अलसुबह हुई झमाझम बारिश

- मौसम परिवर्तन एवं और बारिश से रबी फसलों को हो रहा नुकसान
- लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा विपरीत प्रभाव



**झाबुआ।** शहर सहित जिलेभर में अनेक स्थानों पर पिछले दो-तीन दिनों से अचानक से मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम परिवर्तन के साथ शीत लहरे चल रहीं है। रुक-रुक कर बारिश भी हो रहीं है। जिससे रबी फसलों को नुकसान होने के साथ परिवर्तित मौसम लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी राजेशकुमार त्रिपाठी ने बताया कि देश के कई राज्यों और मध्यप्रदेश सहित झाबुआ जिले में भी बीते तीन-चार दिनों से मावठे का असर देखने को मिल रहा है। जिसके चलते शीत लहरों चल रहीं है। रुक-रुक कर बारिश का क्रम भी जारी है। मौसम अचानक से सर्द होकर वातावरण में अजीब सी ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग के अनुसार 20 फरवरी, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 17.8 डिसे रेकॉर्ड किया गया। कुल वर्षा 4.4 मिमी दर्ज हुई। विगत 1 जून 2025 से अब तक कुल वर्षा 1033.8 मिमी रेकॉर्ड की गई है।

जिला मुख्यालय पर 19 एवं 20 फरवरी की मध्य रात एवं अलसुबह झमाझम बारिश हुई। इससे मौसम में पूरी तरह ठंडक घुल गई। *रबी फसले खराब हो रहीं -* कृषि विभाग के उप-संचालक डॉ. नगीनसिंह रावत ने बताया कि पिछले 2-3 दिनों से चल रहीं तेज हवाओं और बारिश के कारण रवि फसलों में गेहूं, चना, सरसों को नुकसान पहुंच रहा है। जिले में कई स्थानों पर फसले आड़ी पढ़ने के साथ फसलों में पाला पड़ने और खराब होने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में किसानों को फसलों की समय-समय पर देखरेख एवं उचित रखरखाव की आवश्यकता है। किसान समय-समय पर कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श लेते रहे और फसलों में खरपतवार नष्ट करने के साथ दवाईयों का भी छिड़काव करते रहे। *लोगों के स्वास्थ्य को पहुंच रहा नुकसान* - अचानक से हुए मौसम परिवर्तन और शीत लहरे चलने तथा रुक रुक कर बारिश भी जारी होने से लोगों को सर्दी, जुखाम, बुखार उल्टी दस्त की शिकायत बढ़ गई है। जिला चिकित्सालय सहित जिले के निजी चिकित्सालयों एवं दवाखानों पर इन दिनों इस तरह के मरीज अधिक आ रहे है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश अजनार ने सलाह दी है कि इस तरह के मौसम में लोग पीने में स्वच्छ पानी का उपयोग करे। अपने घरों के आसपास और आंगनो में साफ-सफाई रखे। बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए। बीपी, शुगर एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज खान-पान में विशेष एहतियात बरते।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भाबरा दौरे की तैयारियां हुई तेज

- कलेक्टर माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह की संयुक्त ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण



**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने हेतु कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने हेलिपैड सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम ने हेलीपैड की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों ने आजाद कुटिया, सभा स्थल प्रांगण, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा हेलीपैड से आजाद कुटिया होते हुए सभा स्थल तक के मार्ग का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर नीतू माथुर ने सभास्थल पर बैठक व्यवस्था, बिजली, पेयजल व्यवस्था, यातायात व्यवस्था वैकल्पिक पार्किंग ,अस्थायी चलित अस्पताल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए साथ ही यातायात प्रबंधन व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

## पनीर के नाम से बेचा जा रहा एनालॉग 180 किलोग्राम की मात्रा जब्त

**झाबुआ.** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी भगोरिया हाट बाजार एवं होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जांच अभियान शुरू किया है। जिसमें दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ, मिठाइयां एवं विशेष तौर पर कोल्डड्रिंक की जांच की जा रही है। जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रारंभिक तौर पर कोल्डड्रिंक, पनीर एवं मावा के होलसेल विक्रेता एवं स्टॉकिस्ट की जांच की जा रही है।

जांच में 19 फरवरी 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राहुल सिंह अलावा के द्वारा झाबुआ के बस स्टेशन क्षेत्र पर पनीर के नाम से विक्रय के लिए दाहोद से लाया गया एनालॉग पदार्थ जप्त तक कर नमूने लिए हैं। जप्त खाद्य पदार्थ की मात्रा 180 किलोग्राम है जिसका बाजार मूल्य विक्रेता द्वारा 41400/- बताया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित एनालॉग पदार्थ दिखने में हुबहु पनीर के जैसा होता है लेकिन गुणवत्ता स्तर पर पनीर से काफी भिन्न होता है। जिससे आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से बाजार में पनीर के नाम से बेचा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग आम उपभोक्ताओं से अपील करता है कि पनीर के नाम से बिकने वाले सस्ते एनालॉग पदार्थ को खरीदने से पूर्व विक्रेता से जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

## औषधीय पौधों से कैंसर सेल पर किए गए शोध कार्य के लिए दी गई पीएचडी की उपाधि




**रानापुर** नगर के शासकीय शिक्षक दंपति पदमा राजेन्द्र माहेश्वरी की बेटी को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगू भाई पटेल, पद्मश्री नारायण व्यास, सांसद शंकर जी ललवानी, कुलगुरु डॉ राकेश सिंघाई जी और कुलसचिव श्री प्रज्वल खरे जी की उपस्थिति में पीएचडी उपाधि प्रदान की गई।रिद्धि माहेश्वरी को रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि दी गई हैं। इन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय होलकर महाविद्यालय इंदौर में रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अनामिका जैन के मार्गदर्शन में पूरा किया है। अपने शोध कार्य में औषधीय पौधे से नैनो पार्टिकल बना कर क्रोमेटोग्राफी तकनीक और एंटीकैंसर पर शोध कार्य किया गया। इस शोध कार्य से कैंसर जैसी बीमारी के लिए समाज में और शोध के क्षेत्र में एक नई दिशा मिली है। इनके द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च पेपर भी पब्लिश तथा कई सेमिनार और कांफ्रेंस भी भाग लिया गया है। जिला झाबुआ माहेश्वरी समाज मे रसायन शास्त्र विषय में यह उपाधि पहली बार प्राप्त हुई है, इस उपलब्धि पर परिवारजन तथा माहेश्वरी समाजजन ने हर्ष व्यक्त करके सभी ने बधाई दी।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन आज

**आलीराजपुर।** आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक का आयोजन दोपहर 12:00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, आलीराजपुर होगा। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर करेंगी। बैठक में आगामी दिनों में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों भगोरिया पर्व, रमजान तथा होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने समस्त जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है साथ ही सभी जिला अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

## होली धुलेंडी फाग उत्सव को लेकर बैठक



**राणापुर:-** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फाग उत्सव का आयोजन किया जाना है जिसमे 2 बैठक आयोजित का जा चुकी है । इन बैठक में रखे गए प्रस्ताव पर आम सहमति बनाने हेतु बैठक की गई । जिसमे इस बार खाटू श्याम परिवार द्वारा उत्सव को भक्तिमय बनाने का प्रस्ताव रखा गया व नगर की सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें श्याम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली धुलेंडी फाग उत्सव यात्रा का आयोजन किया जावेगा है। जिसमे प्रस्ताव कार्यक्रम के मुताबित यात्रा स्वर्णकार समाज के श्रीरामजी मंदिर से आरम्भ होकर बस स्टैंड पर समापन होगा । बाबा खाटू श्यामजी बग्गी में नगर भ्रमण करेंगे । यात्रा में सूखे रंग से होली खेली जावेगी। पक्के रंग पूर्णतः प्रतिबंध रहेंगे । सब लोग मर्यादित रूप में साधारण होली का आनंद लेंगे ।

महिलाओं व पुरूष की व्यवस्था अलग अलग की गई है । एवम खासकर नशा करने वालो को इस आयोजन से दूर रखने का प्रस्ताव रखा गया है । स्वल्पाहार व ठंडाई की व्यवस्था भी रखी गई है

### फाग उत्सव यात्रा को लेकर मातृशक्ति को भी आमंत्रण दिया

इस आयोजन के प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय के लिये आगामी 22 फरवरी रविवार को शाम 8 बजे स्थान सोनी गली हँसमुख लाल सोनी के निवास के बाहर बैठक का आयोजन होगा । जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों से अपने सुझाव भी लिए जाकर फाग उत्सव यात्रा को भव्य बनाने हेतु एवम नगर की मातृशक्ति को भी बैठक में उपस्थित रहने का आमंत्रण दिया गया । इस बैठक में आयोजन के सभी कार्यक्रम के प्रस्ताव को निर्धारित किया जावेगा । इस बैठक में नगरपरिषद अध्यक्ष दीपमाला नलवाया ने कहा की नगर परिषद इस आयोजन में भरपूर सहयोग करेगी । कार्यक्रम का संचालन व आभार मनोहर सोनी ने किया । साथ नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे ।

एक नजर में — 9 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

# आईटीआई आलीराजपुर में युवा संगम मेले का सफल आयोजन




**आलीराजपुर। जिले की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) आलीराजपुर द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय युवा संगम मेला का सफल आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।**

कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 03 कंपनियों ने भाग लेकर विभिन्न पदों के लिए युवाओं का साक्षात्कार लिया। मेले में कुल 45 युवा उपस्थित हुए, जिनमें से 09 युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन कर उन्हें मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इससे युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग उदयगढ़ की टीम द्वारा उपस्थित युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। टीम ने युवाओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### जिले में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेगे

कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उदयगढ़ के प्रबंधक, शासकीय आईटीआई उदयगढ़ के प्राचार्य एवं नोडल आईटीआई आलीराजपुर के अधिकारियों ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया युवाओं को उद्योगों से जोड़ने और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिलते हैं।